भारत सरकार

रेल मंत्रालय

लोक सभा

17.07.2019 के

अतारांकित प्रश्न सं. 3988 का उत्तर

ब्रॉड गेज लाइनों के लिए सर्वेक्षण कार्य

3988. श्री अब्दुल खालेकः

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि असम में बारपेटा नगर जो कि कर्नल गुरू प्रसाद दास जिन्होंने 1930 में रेल निर्वात ब्रेक की खोज की थी का जन्म स्थल है जिसे अभी तक रेल लाइन से नहीं जोड़ा गया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार ने जोगीघोपा-गुवाहाटी बरस्ता बरपेटा, हाजो से नई ब्रॉड गेज लाइन हेतु प्रारंभिक अभियांत्रिकी सह यातायात सर्वेक्षण किया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सर्वेक्षण पूरा कर लिया गया है और इसे रेलवे बोर्ड को सौंप दिया गया है तथा यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार ने बोंगाईगांव से अघोरी बरस्ता बरपेटा, हाजो, सारथीबाडी हेतु अन्य सर्वेक्षण किया है जिसे रेलवे बोर्ड द्वारा स्वीकृत कर लिया गया है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है तथा सर्वेक्षण की वर्तमान स्थिति क्या है?

उत्तर

रेल और वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री (श्री पीयूष गोयल)

(क) से (ङ): एक विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

*****

Sk

ब्रॉड गेज लाइनों के लिए सर्वेक्षण कार्य के संबंध में 17.07.2019 को लोक सभा में श्री अब्दुल खालेक के अतारांकित प्रश्न सं. 3988 के भाग (क) से (ङ) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क): रेलवे परियोजनाएं लाभप्रदता, अंतिम छोर संपर्कता, मिसिंग लाइनों और वैकल्पिक मार्गों, भीड़-भाड़/संतृप्त लाइनों का संवर्धन, सामाजिक-आर्थिक दृष्टिकोण के आधार पर शुरू की जाती है जोकि चालू परियोजनाओं के थ्रोफार्वड और संसाधनों की समग्र उपलब्धता पर निर्भर करता है हालांकि, बारपेटा शहर रेलवे लाइन से कनेक्टेड नहीं है किन्तु बारपेटा रोड़ रेलवे स्टेशन बारपेटा शहर से मात्र 19 कि.मी. की दूरी पर स्थित है।

(ख) और (ग): बारपेटा-सरथेबारी-हाजो (136 किमी.) के रास्ते जोगीघोपा से गुवाहाटी तक नई लाइन के लिए सर्वेक्षण 2011-12 में पूरा हो गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार, परियोजना की लागत (-) 11.95% के प्रतिफल की दर सहित 1298 करोड़ रु. आंकलित की गई थी। इस परियोजना को आगे नहीं बढ़ाया जा सका क्योंकि यह वित्तीय रूप से अव्यवहार्य था और भारतीय रेल के पास चल रही नई लाइन परियोजनाओं का भारी बकाया है।

(घ) और (ङ): बारपेटा हाजो, सरथेबारी (136 किमी.) के रास्ते बोंगाईगांव से अगहोरी तक नई लाइन के लिए सर्वेक्षण जनवरी, 2018 में पूरा हो गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट के अनुसार परियोजना की लागत (-) 8.18% के प्रतिफल की दर सहित 3336 करोड़ रु. का आंकलन किया गया था। सर्वेक्षण रिपोर्ट की पूरी तरह जांच करने के पश्चात अंतिम निर्णय लिया जाएगा।

*****

Sk